महत्वपूर्ण एवं खास

आस्ट्रेलिया के कोच बने जस्टिन लैंगर

सिडनी (आरएनएस)। पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज जस्टिन लैंगर को आज आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का तीनों प्रारूपों में मुख्य कोच बनाया गया और उन्होंने विवादों से घिरी टीम का बर्ताव सुधारकर खोया सम्मान वापिस पाने का वादा किया। लैंगर 22 मई से पदभार संभालेंगे और चार साल तक पद पर रहेंगे । इस दौरान दो एशेज सीरीज, एक विश्व कप और टी20 विश्व कप होना है।

लैंगर ऐसे समय में पद संभाल रहे हैं जब गेंद से छेडखानी प्रकरण के कारण पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ और उपकप्तान डेविड वार्नर पर प्रतिबंध लगा हुआ है । वहीं पूर्व कोच डेरेन लीमैन ने पद छोड़ दिया। लैंगर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम से काफी अपेक्षाए हैं। हमें सुनिश्चित करना होगा कि सभी का बर्ताव अच्छा हो। यदि ऐसा हो गया तो नतीजे खुद ब खुद मिलेंगे ।''

शहजार रिजवी ने रचा इतिहास, रैंकिंग में बने नंबर-1

नई दिल्ली (आरएनएस)। वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर शहजार रिजवी अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की ताजा जारी वर्ल्ड रैंकिंग में मेंस की 10 मीटर एयर पिस्टल में टॉप पर पहुंच गए हैं। भारतीय वायुसेना के इस शूटर ने मार्च में मेक्सिको के गुआडलाराजा में पहले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के फाइनल्स में 242.3 के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने कोरिया के चांगवान में हाल में खत्म हुए दूसरे वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल हासिल किया जिससे वो मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में नंबर एक निशानेबाज बनने में सफल रहे। रिजवी के अलावा नौ भारतीय निशानेबाजी ओलंपिक की 15 निशानेबाजी स्पर्धाओं में से छह में टॉप 10 में शामिल हैं। गोल्डकोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले जीतू राय मेंस की 10 मीटर एयर पिस्टल में छठे स्थान पर हैं। रवि कुमार और दीपक कुमार मेंस के 10 मीटर एयर राइफल में क्रम से चौथे और नौवें स्थान पर हैं। अखिल शेरोन और संजीव राजपूत मेंस की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में क्रम से चौथे और आठवें स्थान पर हैं।

कोल इंडिया अपने बिक्री लक्ष्य से चूकी

मुंबई। कोल इंडिया अप्रैल बिक्री में अपने लक्ष्य से चूक गई है. अप्रैल में कंपनी की बिक्री 5.67 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले 5.09 करोड़ टन रही है. वहीं उत्पादन भी लक्ष्य से कम ही रहा है. अप्रैल में उत्पादन 4.68 करोड़ टन लक्ष्य के मुकाबले 4.48 करोड़ टन रहा है.

पे टीएम का प्वाइंट ऑफ सेल सिस्टम लांच

नई दिल्ली। ई - कॉमर्स कंपनी पेटीएम की पेटीएम माल ने बुधवार को प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) सिस्टम लांच किया. इसके जरिए कंपनी के रिटेलर्स और ब्रांड पार्टनर्स अपने ऑफलाइन (वॉक इन) और ऑनलाइन कस्टमर का प्रबंधन कर सके. इसके साथ ही कंपनी ने एसुस के साथ एक साझेदारी की है. पेटीएम मॉल के सीईओ अमित सिन्हा ने बताया, हमारा ऑफलाइन-टू-ऑनलाइन (ओ2ओ) मॉडल ऑफलाइन दुकानदारों की जरूरतों के साथ समन्वित है, इसलिए हम पेटीएम मॉल पीओएस की पेशकश कर रहे हैं.

ताइवान की कंपनी से समझौता

उन्होंने कहा, वे अब वॉक-इन कस्टमर्स की जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकते हैं और इस कनेक्टेड पीओएस सिस्टम के माध्यम से स्थानीय रूप से ऑनलाइन ऑर्डर भी पूरा कर सकते हैं. सिन्हा ने ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक निर्माता एसुस के साथ पीओएस सिस्टम के लिए साझेदारी करने की घोषणा करते हुए कहा, हम एसुस ब्रांडेड ऑफलाइन स्टोर्स को भी सक्षम कर रहे हैं और आगे जल्द ही इसका विस्तार होगा.

मोबाइल ग्राहकों की संख्या बढ़कर एक अरब के पार

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनियों के शीर्ष संगठन सीओएआई के अनुसार देश में मोबाइल ग्राहकों की संख्या मार्च महीने के आखिर में बढ़कर एक अरब से अधिक (1.035 अरब) हो गई। संगठन के बयान में कहा गया है कि इस संख्या में एयरसेल, जियो व एमटीएनएल के फरवरी 2017 तक के आंकड़े शामिल हैं। आलोच्य महीने में ग्राहकों की संख्या में कुल मिलाकर 2.187 करोड़ की वृद्धि हुई। इसके अनुसार ग्राहक संख्या के आधार पर भारती एयरटेल 30.49 करोड़ ग्राहकों के साथ पहले नंबर पर है। मार्च महीने में उसे 84,02,064 नए ग्राहक मिले। इसी तरह 22.269 करोड़ ग्राहकों के साथ वोडाफोन दूसरे स्थान पर रही। मार्च महीने में आइडिया सेल्यूलर को 91.4 लाख नए ग्राहक मिले और उसके ग्राहकों की कुल संख्या 21.12 करोड़ हो गई।

एसबीआई के साथ करें इंटर्नशिप, मिलेगा 12 हजार महीना,मास्टर की डिग्री होनी जरूरी

नई दिल्ली। गर्मी की छुट्टियों में अगर आप कहीं इंटर्नशिप करने की सोच रहे हैं, तो भारतीय स्टेट बैंक आपको इसका मौका दे रहा है. इसके लिए आपको किसी भी तरह का बैंक एग्जाम नहीं देना है, लेकिन इस इंटर्नशिप को पाने के लिए आपकी रुचि मायने रखेगी. दरअसल एसबीआई फाउंडेशन दो महीने की इंटर्नशिप दे रही है. इसमें आपको रिसर्च इंटर्न के तौर पर शामिल किया जाएगा.

जीएसटी संग्रह 1 लाख करोड़ के पार, जेटली बोले- वृद्धि आर्थिक तेजी का सबूत

नई दिल्ली (आरएनएस)। जेटली ने मंगलवार को जीएसटी राजस्व संग्रह के आंकड़े जारी किए जाने के बाद प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ट्वीट किया कि इससे आर्थिक गतिविधियों की पुष्टि होती है। कर संग्रह में बढ़ोतरी से आर्थिक दायरे बढ़ाने में ज्यादा मदद मिलेगी और अर्थव्यवस्था को बुलंदियों पर ले जा सकेंगे। उन्होंने सभी करदाताओं, जीएसटी परिषद के सदस्यों और केंद्र एवं राज्य के कर अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। कहा, आर्थिक माहौल में सुधार होने के साथ ही ई-वे बिल लागू किए जाने और जीएसटी अनुपालन में बढ़ोतरी होने से जीएसटी राजस्व संग्रह में आगे भी वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जीएसटी का संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होने से नई प्रणाली के स्थिर होने का संकेत मिलता है। जीएसटी को पिछले साल एक जुलाई से लागू किया गया है।



कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि वित्त वर्ष के अंतिम महीने में लोग पिछले महीने के बकाये का भी भुगतान करने की कोशिश करते हैं। इसी कारण अप्रैल में राजस्व वसूली के आंकड़ों में उछाल आया है लेकिन इस प्रवृत्ति को स्थिर नहीं माना जा सकता है और आगे के महीनों में यह फिर नीचे जा सकता है।

69 फीसदी ने जीएसटीआर 3 बी भरा

आंकड़ों में बताया गया कि मार्च के लिए 30 अप्रैल तक कुल 69.5 प्रतिशत लोगों ने जीएसटीआर 3बी रिटर्न दाखिल किए हैं। जबकि कंपोजीशन योजना अपनाने वाले कुल 19.31 लाख कारोबारियों में से 11.47 लाख ने जीएसटीआर-4 दाखिल किए और 579 करोड़ रुपये कर का भुगतान किया।

चालू वित्त वर्ष में 12 लाख करोड़ का लक्ष्य

जीएसटी परिषद ने वित्त वर्ष 2018-19 के लिए 12 लाख करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है। उसका कहना है कि 1 अप्रैल को लागू किए गए ई-वे बिल से भी काफी राजस्व की प्राप्ति होगी, जिसका नतीजा जून, जुलाई में दिखेगा।

आंकड़ों में उछाल

1,03,458 करोड़ रुपये रहा अप्रैल में जीएसटी संग्रह

89,264 करोड़ रुपये रहा था मार्च में जीएसटी का राजस्व

7.41 लाख करोड़ रुपये सरकार को जीएसटी से मिले वित्त वर्ष 2017-18 में

सोने की वैश्विक मांग 7 फीसद गिरकर 973 टन तक पहुंची

नई दिल्ली (आरएनएस)। साल 2018 की जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान सोने की मांग में बीते वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 7 फीसद तक की गिरावट देखने को मिली है। इस गिरावट के साथ ही इस अवधि के दौरान सोने की मांग 973 टन रही है। यह जानकारी वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) ने दी है।

साल 2018 की पहली तिमाही की 'गोल्ड डिमांड ट्रेंड रिपोर्ट' में कहा गया है कि साल 2017 की पहली तिमाही के दौरान सोने की कुल मांग 1,047 टन रही थी।

सोने की मांग में आई इस कमजोरी की वजह निवेश के लिहाज से गोल्ड बार्स और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की निवेश मांग में गिरावट रही है। साल 2018 की पहली तिमाही में कुल निवेश मांग 27 फीसद घटकर 287 टन पर आ गई, जो कि साल 2017 की समान अवधि में 394 टन रही थी। चीन, जर्मनी और अमेरिका में निवेश के लिहाज से गोल्ड बार और सिक्कों में कम दिलचस्पी दिखी है जिस कारण से वैश्विक मांग 15 फीसद गिरकर 254.9 टन के स्तर पर आ गई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने कहा है कि दायरे में कारोबार करने वाली सोने की कीमतें इन बाजारों में निवेशकों की दिलचस्पी को कमजोर कर देती हैं।

बैडमिंटन कोर्ट में बादशाहत कायम करने वाला ये खिलाड़ी बना डिप्टी कलेक्टर

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को बुधवार को आंध्र प्रदेश के गुंटूर प्रांत के डिप्टी कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया है। भारतीय बैडमिंटन महासंघ (बीएआई) के महासचिव अनूप नारंग ने इसकी पुष्टि की। अपनी नई जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार श्रीकांत ने गुंटूर के कलेक्टर कोना शशिधर को अपने कार्यग्रहण की रिपोर्ट सौंपी और औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला।

मैच फिक्सिंग करने के लिए दो बैडमिंटन खिलाड़ियों पर लगा बैन

कुआलालम्पुर (आरएनएस)। मैच फिक्सिंग के आरोप में बैडमिंटन के दो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सजा दी गई है। ये दोनों ही खिलाड़ी मलेशिया के हैं जिन्हें भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। इसी के चलते दोनों पर क्रमशः 20 और 15 साल का प्रतिबंध लगाया गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने कहा कि पूर्व विश्व चैंपियन 25 वर्षीय जुल्पदली जुल्किफली को 20 साल के लिये प्रतिबंधित किया गया है और उस पर 25 हजार डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। उसके अलावा 31 वर्षीय तान चुन सीयांग पर 15 साल का प्रतिबंध और 15 हजार डालर का जुर्माना लगाया गया है।

संस्था के बयान के अनुसार इन दोनों को 'सट्टेबाजी, जुआ और अनियमित मैच परिणाम से संबंधित बीडब्ल्यूएफ आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।' बीडब्ल्यूएफ पैनल ने फरवरी में सिंगापुर में इस मामले की सुनवाई की थी। उसने पाया कि ये दोनों खिलाड़ी 2013 से कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में भ्रष्टाचार में लिप्त थे। बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि जुल्पदली लंबे समय तक इसमें लिप्त रहा और उसने चार मैचों के परिणाम प्रभावित किये। मलेशियाई बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष नोर्जा जकारिया ने कहा, 'यह मलेशियाई बैडमिंटन के लिये दुखद और आहत करने वाला दिन है। जो खेल हमारे दिलों के इतना करीब है उस पर मैच फिक्सिंग के दाग लग गये हैं।' इन दोनों खिलाड़ियों का प्रतिबंध 12 जनवरी से शुरू होगा। तब इन दोनों को बीडब्ल्यूएफ ने अस्थायी निलंबित किया था।

पंत का 'ऑरेंज कैप' और बोल्ट का 'पर्पल कैप' पर कब्जा !

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग टी 20 में 'ऑरेंज कैप' और 'पर्पल कैप' पर कब्जा जमाने की जंग दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। बुधवार को एक बार फिर से दो नए खिलाड़ियों के सिर पर ये कैप सजी और उन्होंने इसका जश्न मनाया। इस बार 'ऑरेंज कैप' और 'पर्पल कैप' पर दिल्ली डेयरडेविल्स की उस टीम के खिलाड़ियों ने अपना अधिकार जमाया, जो अंक तालिका में छठी पायदान पर काबिज है। बुधवार की रात बारिश से भीगे मैच में दिल्ली डेयरडेविल्स की टीम ने राजस्थान रॉयल्स पर 4 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की और इस मैच नायक रहे ऋषभ पंत व तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट। ऋषभ पंत ने 29 गेंद पर 69 रनों की आतिशी पारी खेली और आईपीएल के 11वें संस्करण में 375 रन अपने नाम के आगे लिखवाकर अपना सिर 'ऑरेंज कैप' से सजाया। पंत ने अंबाती रायुडू और विराट कोहली को पीछे धकेलकर यह सम्मान हासिल किया। रायुडू के 370 और विराट कोहली के 349 रन हैं। इसी तरह दिल्ली डेयरडेविल्स के ही तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कुल 13 विकेट अपने नाम करके 'पर्पल कैप' हासिल की। बोल्ट से पीछे हैं सिद्धार्थ कौल (11 विकेट) और मयंक मार्केण्य (11 विकेट)।

दिशा पटानी का डांस 13 लाख बार देखा गया

दिशा पटानी अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म बागी के बाद फिर चर्चा में हैं. वजह है कि उनका हालिया वीडियो, जिसमें वे अपने कोरियोग्राफर के साथ डांस करती दिख रही हैं. ये डांस अपने आप में गजब है. लेकिन दिशा बाकी वीडियो की तरह इस वीडियो पर भी ट्रोलिंग से नहीं बच सकीं. दिशा के फैन्स ने उनकी ड्रेस पर सवाल उठाए. एक फैन ने लिखा कि उन्हें कम से कम ड्रेस तो ठीक पहनना था. एक फैन ने दिशा की तुलना स्पाइडरमैन से कर दी.

दिशा के इस वीडियो को 13 लाख से ज्यादा बार देखा गया है. वीडियो में दिशा रीमिक्स सॉन्ग पर लॉकिंग करती दिखाई दे रही हैं. कोरियोग्राफर के साथ उनकी ट्यूनिंग साफ देखी जा सकती है. बता दें कि 2018 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों में दिशा की फिल्म 'बागी 2' भी शामिल है. दिशा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2015 में तेलुगु फिल्म 'लोफर' के जरिए की थी. साल 2016 में आई 'एम एस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी' उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म थी.

म्यूचुअल फंड क्या है? इसमें कैसे करें निवेश?

नई दिल्ली (आरएनएस)। बड़े तादाद में निवेशकों की जमा राशि म्यूचुअल फंड कहलाता है जिसे प्रबंधन फंड मैनेजर करते हैं। वह निवेशकों के पैसे कई जगहों पर निवेश करता है जो रिटर्न और जोखिम के आधार पर तय होते हैं। म्यूचुअल फंड हाउस इक्विटी, बॉन्ड, मुद्रा बाजार के साधनों या अन्य सिक्यॉरिटीज में निवेश करते हैं ताकि निवेशकों को कम-से-कम जोखिम में ज्यादा-से-ज्यादा रिटर्न हासिल हो सके।

म्यूचुअल फंड में निवेश शुरू करने के लिए क्या करना होगा?

म्यूचुअल फंड में इन्वेस्टमेंट के लिए आपको केवाईसी (नो योर कस्टमर) पूरी करनी होगी। इसके लिए आप ई-केवाईसी फॉर्म का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस फॉर्म को भरकर फोटो, पैन कार्ड की कॉपी और आधार, पासपोर्ट, इलेक्ट्रिसिटी बिल या बैंक स्टेटमेंट की कॉपी को ऐड्रेस प्रूफ के तौर पर दिया जा सकता है।आपको पहला इन्वेस्टमेंट फॉर्म रजिस्ट्रार या म्यूचुअल फंड ऑफिस में जमा करना होगा। कुछ म्यूचुअल फंड वेबसाइट्स या डिस्ट्रीब्यूटर म्यूचुअल फंड्स में इन्वेस्टमेंट से पहले अपने प्लेटफॉर्म पर ई-केवाईसी भी करते हैं।

कोई इन्वेस्टर म्यूचुअल फंड स्कीम कैसे चुनता है?

पहली बार पैसा लगाने वाले इन्वेस्टर को अपने लक्ष्य, जोखिम क्षमता और निवेश की अवधि के हिसाब से म्यूचुअल फंड स्कीम का चुनाव करना चाहिए। निवेशक किसी फाइनैंशल प्लानर या डिस्ट्रीब्यूटर की मदद भी ले सकते हैं।

नई दूरसंचार नीति से मिलेगी 40 लाख नौकरियां और 50 एमबीपीएस की ब्रॉडबैंड स्पीड

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने नयी दूरसंचार नीति का मसौदा तैयार किया है। जिसमें वर्ष 2022 तक दूरसंचार क्षेत्र में 40 लाख नौकरियों का सृजन, 50 एमबीपीएस की स्पीड से ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराने और 5 जी इंटरनेट सेवा देने का लक्ष्य रखा गया है। इस नीति को राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति-2018 नाम दिया गया है। इसमें क्षेत्र में 100 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने की मंशा भी जाहिर की गई है। नयी नीति के मसौदे में, हर नागरिक को 50 एमबीपीएस की ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराने के साथ, 2020 तक देश की सभी ग्राम पंचायतों को एक जीबीपीएस और 2022 तक 10 जीबीपीएस ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का भी लक्ष्य रखा गया है। मसौदे के अनुसार देश के विकास को नयी पीढ़ी की प्रौद्योगिकी के माध्यम से गति देने के लिए क्षेत्र में 2022 तक 100 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया जायेगा।

सीएसके ने किया सचिन का अपमान

नई दिल्ली (आरएनएस)। मास्टर बेलास्टर सचिन तेंदुलकर ने भले ही क्रिकेट को सन्यास दे दिया हो लेकिन फैंस अभी भी उनका सम्मान करते हैं। लिटिल मास्टर के फैंस को कभी यह बर्दाश्त नहीं होगा कि कोई उनका अपमान करे या फिर कोई उनका मजाक बनाए, लेकिन ऐसा हो चुका है। दरअसल, चेन्नई सुपर किंग्स के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की गई, जिसके बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स ने सीएसके को ट्रोल करना शुरु कर दिया और खूब सुनाया।

सीएसके ने क्रिकेटर सुरेश रैना और सचिन की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'रमेश और सुरेश।' आपको बता दें कि सचिन तेंदुलकर के पिता का नाम रमेश तेंदुलकर था। जिसकी वजह से सचिन का पूरा नाम सचिन रमेश तेंदुलकर है। इस पोस्ट के बाद सचिन के फैंस गुस्सा हो गए और सीएसके पर फूट पड़े।

किसी यूज़र ने लिखा कि जब सीएसके का कोई अस्तित्व नहीं था तभी सचिन तेंदुलकर क्रिकेट को अलविदा कहने की कगार पर थे, तो किसी ने कहा कि सचिन के साथ किसी की तुलना नहीं की जा सकती। एक यूजर्स ने लिखा कि रमेश सचिन के पिता का नाम है और उनका अपमान नहीं सहा जाएगा। इतना ही नहीं एक फैन ने तो चेन्नई सुपर किंग को धमकी भी दे दी कि अगर उन्होंने इस कैप्शन और को वापस करके माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कर दी जाएगी।